Regarding need to allocate funds for Khagaria?Kusheshwar Asthan Railway Line Project and ensure the completion of the project in a time bound manner-Laid

श्रीमती शांभवी **(**समस्तीपुर**) :** 44 किलोमीटर की खगड़िया-कुशेश्वर स्थान रेल परियोजना, पूर्व-मध्य रेलवे (ECR) के सोनपुर मंडल के तहत आती है और खगड़िया को बरौनी-कटिहार और समस्तीपुर-सहरसा सेक्शन से जोड़ती है और यह रेल परियोजना वर्ष 1998 में शुरू हुई थी, जिसमें अलौली स्टेशन के आगे कुशेश्वरस्थान तक रेल परियोजना का कार्य आज भी लंबित है । इस परियोजना में अलौली से कुशेश्वरस्थान के बीच पांच स्टेशन का निर्माण किया जाना है, जिसमें चेरा -खेड़ा, शहरबन्नी, तिलकेश्वर, सुगरैन एवं कुशेश्वरस्थान स्टेशन शामिल है । परियोजना की नींव स्वर्गीय रामविलास पासवान जी ने रखी थी और इसका निर्माण 162.87 करोड़ रुपये की लागत से शुरू किया गया था जो वर्तमान में 614.45 करोड़ रुपये से भी अधिक है और 26 वर्षों के अधिक समय लगने के बाद भी इसका काम नहीं पूरा हो पाया है । कुशेश्वरस्थान रेल परियोजना पूरी होने पर लाखों लोगों को फायदा होगा जिसमे समस्तीपुर के किसान भी शामिल है । इस परियोजना के लाभ को देखते हुए मेरा सरकार से निवेदन है कि इस योजना के लिए निर्धारित राशि का आवंटन किया जाए और एक समय सीमा के अंतर्गत इसके कार्य को पूरा किया जाए जिससे मेरे समस्तीपुर लोक सभा क्षेत्र के किसान, महिला और युवाओं को यात्रा करने की सुविधा प्राप्त हो और मेरे लोक सभा में विकास को गति मिले ।